# UP को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के मिशन पर विदेश जाएंगे सीएम

## 23 से 26 तक सिंगापुर-जापान में निवेश पर होगी चर्चा, आज रवाना होगा प्रतिनिधिमंडल, म्यांमार यात्रा के बाद पहला विदेशी दौरा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

निवेश बढ़ाने और प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के मकसद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 से 26 फरवरी तक सिंगापुर और जापान के दौरे पर रहेंगे। वह रविवार शाम सिंगापुर रवाना होंगे। 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह उनका पहला विदेशी दौरा है। इस दौरान वह कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे।

## हर सेक्टर में निवेश लाने की तैयारी

### सिंगापुर में इन कंपनियों से होगी चर्चा

**डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर:** गूगल और एसटीटी ग्लोबल

**एग्रीबिजनेस:** जापफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल

**लॉजिस्टिक्स नेटवर्क:** मैपलट्री और एआई सैट्स

**क्लीन एनर्जी सेक्टर:** एवीपीएन, जीएससी ग्रीस और ईडीपीआर सनसीप

**हॉस्पिटैलिटी व थीम पार्क:** ग्रीनफील्ड वेंचर्स और ड्रीमट्रस्ट

**पैकेजिंग:** यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप

**इंडस्ट्रियल पार्क:** सेम्बकॉर्प

**एविएशन:** सिंगापुर एयरलाइंस इंजिनियरिंग

**पूंजी निवेश:** टेमासेक, जीआईसी और ब्लैकस्टोन

**फिनटेक व स्टार्टअप:** फुलर्टन फाइनेंशियल, डीबीएस बैंक और वर्टेक्स वेंचर्स

### जापान में इन सेक्टरों पर होगा फोकस

**ऑटोमोबाइल निवेश:** कुबोटा और सुजुकी

**सेमीकंडक्टर:** टोक्यो इलेक्ट्रॉन

**इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग:** तोशिबा के साथ

**ऑटोमोबाइल सप्लाई चेन:** टोयो डेंसो, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स और नागासे एंड कंपनी

**ग्रीन हाइड्रोजन:** कनाडेविया

**हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट:** मरुबेनी

### दोनों देशों में दो-दो दिन रहेगा प्रतिनिधिमंडल

सीएम 23 और 24 फरवरी को सिंगापुर प्रवास के दौरान 25 कंपनियों और जापान मे 25 व 26 फरवरी को आठ कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान जी-टू-बी और राउंड टेबल बैठकें होंगी। इनमें सीएम निवेशकों के साथ प्रदेश की औद्योगिक नीति, भूमि बैंक, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था और कौशल विकास से जुड़े पहलुओं पर संवाद करेंगे।

## आज IBM के AI इनोवेशन सेंटर की शुरुआत करेंगे योगी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** प्रदेश में एआई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सॉफ्टवेयर कंपनी आईबीएम के इनोवेशन सेंटर की शुरुआत करेंगे। यह सेंटर सुशांत गोल्फ सिटी में प्लेटिनम मॉल में बनाया गया है। आईबीएम ने पिछले साल यह सेंटर बनाने की घोषणा की थी। प्रदेश को एआई और डिजिटल और इनोवेशन हब बनने के उद्देश्य से इस सेंटर का निर्माण किया गया है।